हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 21 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री


12 एसडीईएम कार्यालय परिसर में सुनी आम जनता ...


12 भाषण में अनिता व चित्रकला स्पर्धा में दुर्गा ...



# आरटीईः बची 346 सीटों के लिए 349 आवेदन, 1356 का हो चुका प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के निजी स्कूलों में आरटीई की आरक्षित 1672 सीटों के लिए अब 1474 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है और 1356 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। अब बाकी बची 346 सीटों के लिए दूसरे चरण के लिए अब तक 349 आवेदन आए हैं। जिनका सत्यापन चल रहा है। वहीं पहले चरण में भी कई प्रवेश नहीं ले पाए हैं। बता दें कि दूसरे चरण में नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 21 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी व आवंटन 23 से 26 जुलाई तक चलेगा। स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया 29 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाइन दावा प्रक्रिया 19 अगस्त से 18 सितंबर तक चलेगी। निजी स्कूल में निःशुल्क पढ़ाई के लिए प्रवेश प्रक्रिया काफी लंबी चलती है। विभाग के अनुसार जिले में प्रवेश के लिए कुल 3165 आवेदन विभाग को मिले थे। इनमें से नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच की गई। जहां जांच के बाद 742 आवेदन रिजेक्ट हो गए। प्रवेश प्रक्रिया काफी लंबी चलने के कारण कई पालक अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूल में कर देते हैं।

## 21 तक दस्तावेजों की जांच, लॉटरी व आवंटन 23 से 26 जुलाई तक

### आवेदन रिजेक्ट होने के कारण

जानकारी के मुताबिक आवेदन के दौरान कई बच्चों का आधार कार्ड, जन्म तिथि, राशनकार्ड, सर्वे सूची में नाम न होने के कारण रिजेक्ट हुए हैं। साथ ही कुछ बच्चों का दोबारा फार्म भर देते हैं। इससे भी आवेदन रिजेक्ट हो जाते हैं। विभाग द्वारा किसी तरह की दिक्कतें आने पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाता है। लेकिन, इस साल हेल्पलाइन नंबर जारी नहीं किया गया है।




### 849 आवेदन रिजेक्ट

आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि दूसरे चरण में 349 आवेदन आए हैं। अब दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद लॉटरी निकाली जाएगी। विद्यार्थियों का चयन प्रदेश स्तर पर किया जाता है। आरटीई के तहत पहले चरण में कुल 3165 आवेदन आए थे। इसमें से 2316 आवेदन स्वीकृत हुए और 849 आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हो गए थे।

## खबर संक्षेप



### पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**महासमुंद।** खल्लारी थाना अंतर्गत ग्राम अरंड में मोबाइल गेम खेल रहे एक लड़के और उसके पिता से मारपीट की गई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। ग्राम अरंड निवासी चेतन यादव ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई 2024 को रात करीब 10 बजे गांव के पानी टंकी के पास उसका बेटा हरिश यादव अपने साथियों के साथ मोबाइल में गेम खेल रहा था, उसी समय हिमांचल ध्रुव पुरानी रंजिश को लेकर उसके बेटे के साथ मारपीट किया। जिसके बाद चेतन को उसके लड़के ने फोन कर बुलाया तो चेतन ने वहां पहुंचकर पूछा कि किस बात पर मेरे लड़के को मारा है, इतना कहते ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से मारा, जिससे उसे चोट आई। मामले में पुलिस ने शिकायत मिलने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### चबूतरा में बैठने की बात को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा में चबूतरा में बैठने की बात को लेकर एक युवक से मारपीट कर धारदार वस्तु से हमला किया गया, जिससे वह बेहोश हो गया। पुलिस ने बताया कि नयापारा निवासी प्रकाश कुमार चंद्राकर 12 जुलाई 2024 की शाम करीब 7.30 बजे अपने मोहल्ले में संतोषी मंदिर के पास चबूतरा में बैठा था तो उसी समय, नयापारा का फैजान पिता सोनू वहां आया और बोला कि मुझे भी बैठने के लिए जगह दो, तब प्रकाश ने कहा कि इतना बड़ा चबूतरा है कहीं भी बैठ जाओ, लेकिन ऐसा कहने पर आरोपी फैजान गाली गलौज ने करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किया और अपने पास रखे किसी धारदार वस्तु से मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाड़ी में कब्जे को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम जामपाली में एक व्यक्ति से बाड़ी में कब्जा किए हो कहकर उसके बड़े भाई एवं भतीजे ने मारपीट की, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। ग्राम जामपाली निवासी सत्यप्रकाश सिदार ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी 2024 को शाम लगभग 5 बजे वह अपनी घर के पीछे बाड़ी में खड़ा था, तभी उसका बड़ा भाई रणजीत सिदार व भतीजा जगन्नाथ सिदार उसके पास आए और उसके हिस्से की बाड़ी को अपना बताते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर लोहे के सरिया से मारपीट किया, जिससे सिर में चोट आया, जिसे एम्बुलेंस से इलाज के लिए उसे अस्पताल लेकर गया। मामले में पुलिस को शिकायत मिलने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 34, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### जहर सेवन करने वाले की इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने कीटनाशक सेवन करने से मौत के मामले में 19 जुलाई को मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया की 27 फरवरी 2024 को मोहम्मद आसिफ पिता मोहम्मद आयूब (37 साल) निवासी सरायपाली ने कीटनाशक सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए अंबेडकर अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## बीमा महंगा: धान सिंचित और असिंचित के लिए सबसे ज्यादा प्रीमियम पड़ेगा देना

# फसल बीमा राशि बढ़ी तो प्रीमियम में भी 160 रुपए की हो गई बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- बीमा धन में एकमुश्त 8 हजार की बढ़ोत्तरी, 47 से हुआ 55 हजार रुपए

खरीफ सीजन के लिए इस बार किसानों को बीमा कराना महंगा पड़ेगा। प्रति हेक्टेयर किसानों को बीमा के रूप दी जाने वाली राशि में बढ़ोत्तरी किए जाने के चलते उन्हें प्रीमियम राशि भी अधिक भुगतान करनी होगी। इस साल प्रीमियम की राशि बीते साल से 160 रुपए प्रति हेक्टेयर इजाफा हो गया है। बीते साल प्रति हेक्टेयर 940 रुपए दिया गया था। इस साल यह 1100 रुपए हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा धान सिंचित और असिंचित के लिए प्रीमियम देना पड़ता है।




जिले में अधिकांश किसान धान की खेती करते हैं और इसी का बीमा भी ज्यादा कराते हैं। कृषि विभाग के मुताबिक इस साल धान के लिए 2 लाख 47 हजार हेक्टेयर रकबा का लक्ष्य है। जिले में खरीफ के लिए 11 फसलों को अधिसूचित किया गया है, जिसका बीमा किसान करा सकते हैं। हालांकि कई किसान बीमा कराते हैं कई लोग नहीं भी कराते। साथ ही जो धान रकबा का टारगेट है, उसमें भी कुछ छूट जाता है। दरअसल, इस साल बीमा धन को बढ़ाया गया है। धान के लिए बीते साल प्रति हेक्टेयर बीमा धन 47 हजार था, जिसे बढ़ाकर इस साल 55 हजार रुपए कर दिया गया है। यानी बीमाधन में करीब 8 हजार रुपए का इजाफा किया गया है। फसल क्षति होती है तो 55 हजार के हिसाब से किसानों को फसल की क्षतिपूर्ति राशि मिलेगी।

### अभी तक 68 हजार ऋणी किसानों का बीमा

अभी तक इस साल जिले के कुल 68, 114 किसानों का फसल बीमा हो चुका है। ये सभी किसान ऋणी हैं, जिनको फसल बीमा कराना जरुरी होता है। क्योंकि उनके खाते से प्रति हेक्टेयर रकबा के हिसाब से प्रीमियम राशि कट जाती है। जबकि, अऋणी किसानों के लिए स्वैच्छिक है। इन किसानों की कुल बीमित राशि 46, 270 करोड़ रुपए है। वहीं, इन किसानों से प्रीमियम के रूप में 1435 करोड़ रुपए कटौती की गई है।

### ऋण की राशि में दो फीसदी प्रीमियम कटौती

किसानों को प्रति हेक्टेयर केवल दो प्रतिशत ही प्रीमियम देना पड़ता है। बैंक से लिए गए ऋण की राशि का किसानों को दो फीसदी की राशि प्रीमियम के तौर पर देनी होती है। कुल प्रीमियम की बात करें तो 20 फीसदी लगता है। इसमें 9-9 प्रतिशत प्रीमियम राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। दो फीसदी किसानों को देना पड़ता है। बहरहाल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है, जिसके बाद बीमा का पोर्टल बंद हो जाएगा।

# महिला एवं उसके पति के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में एक महिला और उसके पति से मारपीट कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई को वह अपने पति के साथ रात 10 बजे अपने घर आ रही थी, तभी अचानक नसीब नंद पिता लाजर नंद ने डंडे से उसके पति के सिर पर मारकर सिर फोड़ दिया और अन्य जगहों पर शरीर के उपर चोट पहुंचाया। साथ ही धारदार वस्तु से उसे मारने की कोशिश की गई, उसके पति को आरोपी नसीब नंद और उसकी साली पायल मार रहे थे, जिसे वह दौड़कर अपने पति को बचाने के लिए गए, लेकिन नसीब ने उसे धक्का मार दिया और उसके कपड़े फाड़ कर मारपीट कर अश्लील हरकत करते हुए तुम सबको झूठ केस में फंसा दूंगा कहते हुए धमकी दी। मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 115(2) बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 74 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### गाड़ी में रखे समान की चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद।** बसना के जगदीशपुर रोड स्थित नब्या ट्रेडर्स के सामने खड़ी गाड़ी से 4 कार्टून में भरी लाखों की सिगरेट व पान मसाला चोरी हो गई। मामले में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, बसना निवासी अंकुश अग्रवाल अनाज का व्यवसाय करता है। 15 जुलाई को अंकुश अग्रवाल वाहन क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 8221 में अपना अनाज व आदेश अग्रवाल का 4 कार्टून सिगरेट व पान मसाला को रात्रि करीब 10 बजे डुमरतराई रायपुर से लोड कर अगले दिन 16 जुलाई को सुबह करीबन 4 बजे पहुंचकर अपने नब्या ट्रेडर्स के सामने गाड़ी खड़ी करके घर चला गया और सुबह 7:30 बजे के आसपास अपनी दुकान खोलने के लिए गया तो देखा कि दुकान के सामने खड़ी वाहन के तिरपाल में लगी रस्सी कटी हुई थी, तिरपाल को उठाकर देखा तो गाड़ी में लोड समान कुल 2,37,395 रुपए का सामान कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध कायम किया है।

# जिले में बढ़ रहा इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड वाहनों का क्रेज, लेकिन चार्जिंग पाईंट का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में भी इलेक्ट्रिक व हाइब्रिड वाहनों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। परिवहन विभाग में अब तक दो हजार से ज्यादा वाहनों का पंजीयन हो चुका है। इसमें मोपेड से लेकर कार, मालवाहक वाहनें भी शामिल हैं। हालांकि, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अब तक कोई चार्जिंग पाईंट नहीं बना है, जिसकी वजह से मालिकों को घर पर ही चार्ज करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंपों में भी यह सुविधा नहीं दी जा रही है।

वाहन कंपनियां अब अपने ज्यादातर वाहन इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड वाहन ही लेकर आ रही हैं। इसमें या सिर्फ इलेक्ट्रिक से ही चलने वाली हैं या कुछ में पेट्रोल या डीजल के साथ इलेक्ट्रिक का भी ऑप्शन दिया गया है। परिवहन विभाग के द्वारा वाहनों के इस्तेमाल पर सब्सिडी भी दी जा रही है। इलेक्ट्रिक वाहन पर 10 प्रतिशत और हाइब्रिड वाहन पर पांच प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। यह सब्सिडी अक्टूबर 2022 से परिवहन विभाग द्वारा प्रदान की जा रही है।

यह वाहन अन्य वाहनों की तुलना में सस्ते में भी मिल रहे हैं। जिन लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी की है। ऐसे लोगों को अब चार्जिंग पाइंट की भी आवश्यकता है, लेकिन अभी जिले में एक भी चार्जिंग पाइंट नहीं है। लोगों को अपने घरों में ही वाहन को चार्ज करना पड़ता है। इधर, पेट्रोल और डीजल के वाहन जो प्रदूषण ज्यादा फैलाते है। ऐसे वाहन अब सड़क से बाहर हो रहे हैं। वर्तमान में सरकारी वाहनों के लिए ही निर्देश है। ऐसे 36 वाहनों की लिस्ट भी परिवहन विभाग द्वारा बनाई गई है, लेकिन आगामी वर्षों में निजी वाहनों पर भी लागू हो सकता है।

### घरों में करना पड़ता है चार्ज

वर्तमान में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए कोई भी कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। कुछ पेट्रोल पंप कंपनियों द्वारा चार्जिंग की सुविधा पेट्रोल पंप में देने की सुविधा शुरु हो गई है। लेकिन, जो पेट्रोल पंप संचालक यह सुविधा दे रहे हैं, वे महासमुंद जिला मुख्यालय से काफी दूर हैं। ऐसे में लोगों को खुद के घरों में ही चार्ज करना पड़ रहा है।

### पर्यावरण की नजर से बेहतर


जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पिछले कुछ वर्षों से बढ़ रही है। इलेक्ट्रिक व्हीकल पर्यावरण की नजर से भी बेहतर है। अब वाहन कंपनियां भी ज्यादातर इलेक्ट्रिक वाहन ही लांच कर रही हैं। चार्जिंग पाइंट के लिए प्रयास किया जाएगा, ताकि लोगों को सुविधा मिल सकें।

# सिरपुर व आसपास भालू के आने से दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 15 दिनों से चार गांवों में है भालू का मूवमेंट, सावन के साथ ही सिरपुर के लिए शुरू की कांवर यात्रा

सिरपुर व आसपास के गांव में भालू के विचरण से ग्रामवासी भयभीत है। 22 जुलाई से सावन माह शुरू होने के साथ ही सिरपुर में कांवर यात्रियों व श्रद्धालुओं का आना बढ़ जाएगा। ऐसे में भालू के आसपास मूवमेंट होने से किसी अनहोनी का अंदेशा बना रहेगा। 19 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे जंगली भालू सिरपुर स्थित सर्किट हाउस में घुस आया, जिसे भगाने के प्रयास में नाइट ड्यूटी करने वाला देवेंद्र साहू उर्फ़ लकी गिर गया और उसके हाथ पैर में चोट पहुंची है। इसी तरह सिरपुर के पुजारी अमन गिरी गोस्वामी ने बताया कि उक्त भालू गंधेश्वर मंदिर प्रांगण में रात मे घूमता रहा और धुनी के पास रखे नारियल को खाया है तथा बरगद पेड़ के आसपास लगातार वितरण करता रहा। वन अमला की टीम भालू निकालने में जुटा रहा और उसे सेनकपाट की जंगल की ओर खदेड़ा गया है। बहरहाल, सेनकपाट व खड़सा जंगल के आसपास भालू के होने की संभावना है। इधर, लहंगर के ग्रामीण राधेलाल सिन्हा ने बताया कि उक्त भालू करीब 15 दिनों से खड़सा, सेनकपाट, सिरपुर व मोहकम के आसपास विचरण कर रहा है। इस दौरान खड़सा तथा सेनकपाट के कई घरों में भालू के धमकने की सूचना है। शाम होने के बाद भालू आमतौर पर जंगल से निकलकर गांव में पहुंचता है।





ग्रामीणों का कहना है कि भालू का पसंदीदा भोजन भांकू वन क्षेत्र व गांव के आसपास पर्याप्त मात्रा में है। जिसकी लालच में वह इन गांव में पहुंच रहा है। वहीं सिरपुर के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा नारियल भेंट किया जाता है। हो सकता है कि नारियल की खुशबू से मंदिर व आसपास पहुंचा हो। उल्लेखनीय है कि 22 जुलाई से बम्हनी से सिरपुर तक कांवर यात्रा शुरू होगी। हालांकि, शुरुआत में तीर्थ यात्रियों की उपस्थिति कम रहेगी, लेकिन दूसरे शनिवार से कांवर यात्रिओं की संख्या बढ़ेगी। यात्री रात में जंगल मार्ग से ही यात्रा करते हुए सिरपुर पहुंचते हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए वन विभाग को सुरक्षा व्यवस्था व गश्ती दल को तैनात रखने की जरूरत होगी। मंदिर में खाद्य पदार्थ मिलने के कारण ही बागबाहरा घुंचापाली के चंडी मंदिर और मुंगई माता में भालुओं की आमद बनी हुई है। दर्शनार्थी भालू देखने के लिए ही संध्या बेला में मंदिर पहुंचते हैं और अपने हाथों से खाद्य पदार्थ भी खिलाते हैं। रेंजर सियाराम करमाकर ने बताया कि सिरपुर में भालू पहुंचने की सूचना मिली है और वहां तैनात टाइगर ट्रैकिंग टीम उसे खदेड़ने में लगी रही। कांवर यात्रा का ध्यान है। बीच में तीन हाथी भी क्षेत्र में पहुंच गए थे, जो अब बलौदा बाजार जिले में चले गए हैं। इसलिए दिक्कत की कोई बात नहीं है।

## सावन की शुरूआत सोमवार से और सोमवार को ही होगा समापन

# इस बार सावन में 5 सोमवार, सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

देवशयनी एकादशी से भगवान श्रीहरि के चार माह योग निद्रा में जाने के बाद अब जगत का संचालन शिवजी करेंगे। शिव पूजा को समर्पित सावन महीना 22 जुलाई से आरंभ हो रहा है।

सावन माह कई शुभ संयोगों से युक्त रहेगा। इस बार सावन माह की शुरूआत सोमवार से होगी और इसका समापन भी सोमवार को ही होगा। पूरे माह में इस बार पांच सोमवार रहेंगे। सावन में आम तौर पर चार सोमवार रहते हैं, लेकिन इस बार सोमवार के दिन से सावन की शुरूआत होने के कारण पांच सोमवार पढ़ेंगे। सावन माह 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगा। सावन माह की शुरूआत सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी। सावन माह की तैयारियां शुरू हो गई है।




पूरे महीने श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, रूद्राभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे। जगह-जगह पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। सावन में अनेक स्थानों पर पूरे माह आयोजन चलेंगे। इसके अलावा कांवड़ से पवित्र जल लाकर मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। सावन माह के पूर्व शहर के मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई है। सावन माह में शहर के शिवालयों में विशेष आयोजन किए जाते हैं।

### सावन सोमवार की तिथियां

| | |
|---|---|
| 22 जुलाई 2024– | पहला सोमवार |
| 29 जुलाई 2024– | दूसरा सोमवार |
| 05 अगस्त 2024– | तीसरा सोमवार |
| 12 अगस्त 2024– | चौथा सोमवार |
| 19 अगस्त 2024– | पांचवा सोमवार |

सिरपुर का गंधेश्वर महादेव, बम्हनी का ब्रम्हनेश्वर महादेव, कनेकेरा कनेश्वर महादेव, दलदली में सावन सोमवार सहित पूरे माह बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**सावन मास के शुभ योगों का संयोग:** 22 जुलाई को सावन के आरंभ होते ही प्रातः 5.37 से रात्रि 10.21 तक सवार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। वहीं प्रीति योग जो 21 जुलाई को रात्रि 9.11पर शुरू होगा और 22 जुलाई को सायं 5.58 पर समाप्त होगा। तीसरा योग आयुष्मान योग है जो सायं 5.58 से आरंभ होकर 23 जुलाई को दोपहर 2.36 पर समाप्त होगा।

### पार्थिव शिव पूजन का विशेष महत्व

सावन माह में पार्थिव शिव पूजन का विशेष महत्व है। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर अभिषेक पूजन का विशेष आयोजन होगा। माना जाता है कि भगवान विष्णु के क्षीरसागर में विश्राम के दौरान भोलेनाथ ही प्रकृति की बागडोर संभालते हैं और सावन माह में वे प्रकृति का आनंद लेते हैं। भगवान भोलेनाथ को प्राकृतिक वस्तुएं अर्पित करने का विधान है। इसमें बेलपत्र, धतुरा, फूल आदि भगवान भोलेनाथ को अर्पित किए जाते हैं।

### स्कूली बच्चे को कार ने मारी ठोकर

**महासमुंद।** सांकरा थाना अंतर्गत पेंड्रावन में स्कूल पढ़ने जा रहे बच्चे को कार ने ठोकर मार दी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ग्राम सल्डीह निवासी रमेश साहू ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई को करीबन 9:15 बजे उसका पोता अंश साहू घर से मोहगांव स्कूल वैन से जा रहा था, और करीब 9:30 बजे पेंड्रावन में किराना दुकान में पेन खरीदने के लिए स्कूल वैन से उतर कर जा रहा था, उसी समय भगतदेवरी की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्र. सीजी 04 एन के 6365 का चालक सुनील नर्मदा ने अपने कार को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाये साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है जिससे अंश साहू के मुंह, पैर में चोट लगी है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध अपराध धारा 125 (ए) बीएनएस, 281बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप



## नक्सल इलाके के चार खिलाड़ी अब राज्य अकादमी में सीखेंगे तीरंदाजी के गुर

**रायपुर।** वनवासी विकास समिति की कोचिंग से नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कोण्डागांव जिले के चार युवाओं का चयन राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी के लिए हुआ है। अब चारों खिलाड़ी राज्य सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में तीरंदाजी की बारीकियां सीखेंगे। इन चारों तीरंदाजों को एकलव्य खेलकूद प्रकल्प में रायपुर में वनवासी विकास समिति के प्रशिक्षकों ने ट्रेनिंग दी है। इनका चयन रायपुर में राज्य के सभी जिलों के 13 से 17 वर्ष आयु के खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट एवं खेल कौशल प्रशिक्षण और प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

## मध्यानी बने युवा विंग प्रदेश उपाध्यक्ष



**रायपुर।** प्रेमप्रकाश मध्यानी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत युवा विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी की सहमति से युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष विकास रूपरेला व प्रदेश महासचिव महेश आहूजा ने यह नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों ने हर्ष जताया है।

## केयर स्किल के 10 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण का समापन



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा शनिवार को बनियान-133 बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 10 दिवसीय मेहंदी कक्षा का समापन किया गया। इसमें 13 प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा 9 जुलाई से प्रारंभ की गई थी। प्रशिक्षिका प्रज्ञा देवांगन ने शुरुआत में मेहंदी के बेसिक गुण सिखाए। उसके बाद प्रोफेशनल तरीके से मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण दिया। फाउंडेशन द्वारा सभी अभ्यर्थियों को ड्राइंग शीट, पेंसिल किट एवं मेहंदी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला।

## शिवसैनिकों ने फूंका गो-तस्करों का पुतला

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट जिला इकाई ने प्रदेश में बढ़ रही गो-तस्करी के मामलों को लेकर विरोध जताया और गो-तस्करों का पुतला दहन किया। इस मौके पर शिवसैनिकों ने कहा कि प्रदेश में लगातार गो-तस्करी के मामले बढ़ रहे हैं और वे सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। गो-तस्करों का पुतला जलाकर उन्हें चेतावनी दी गई है कि वे ऐसे कार्य न करें। पुतला दहन के दौरान संजय सोनकर, संजू साहू, अमर नायक, राहुल राजपूत, गोविंदा साहू, रोशन साहू, राज यादव समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव बोरा ने की पीएम जनमन योजना की समीक्षा

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) की संस्कृति और रीति-रिवाज को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की बसाहटों का सत्यापन 31 अगस्त से पहले करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने 1 नवंबर से 15 नवंबर तक पीवीटीजी विकास संबंधी एक पखवाड़ा आयोजित करने अधिकारियों से कहा है। उन्होंने करीब 200 बसाहटों को 15 नवंबर तक निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार शत-प्रतिशत लाभान्वित करने कहा है।

# रबी सीजन की फसल बीमा राशि नहीं मिलने से किसानों में रोष

### ओलावृष्टि से बिछियां, सागरपाली, रोहिना क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को हुआ था नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली



एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा फसल बीमा कराए जाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर पिछले रबी सीजन में कराए गए फसल बीमा का लाभ किसानों को अब तक नहीं मिल पाया है। पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से बिछियां, सागरपाली, रोहिना क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। ख़ासकर गेहूं फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। ओलावृष्टि का प्रकोप सागरपाली रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आंकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16.04. 2024 को जमा किया गया है। रोहिना एवं बिछियां के किसानों ने गेहूं फसल के लिए बीमा भी करवाया था, जिसका लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है।

पिछले 20 मार्च को सागरपाली रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई। जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई। जिन किसानों ने गेहूं, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे बर्बाद भी फसल को देखकर माथा पकड़ लिए। ओलावृष्टि से रोहिना, कापूडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई। रोहिना के रूपानंद साहू ने बताया कि गेहूं पककर कटाई के लिए तैयार थी, ऐसे समय में ओलावृष्टि होने से पूरी तरह से गेहूं झड़ कर नीचे गिर गया और उत्पादन पूरी तरह से प्रभावित हुआ। उसने करीब 5 एकड़ में गेहूं की फसल ली थी। जहां पिछले वर्ष करीब 80 पैकेट हो गया था। इस बार मुश्किल से 25 पैकेट हुआ है। वीरेंद्र सेठ ने बताया कि गेहूं बोया था। ओला गिरने से पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। लागत भी नहीं निकला। सागरपाली के वृंदावन साहू ने बताया कि उसने गेहूं और मूंग लगाया था। ओलावृष्टि की वजह से पूरी तरह से चौपट हो गया। किसानों ने बड़ी उम्मीद के साथ बीमा कराया था। बीमा के लिए किसान कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी का चक्कर काटने विवश हैं। किसानों ने तत्काल फसल बीमा राशि दिलाए जाने की मांग शासन से की है।

## डोंगर रथयात्रा में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

ग्राम केसराटाल में आयोजित डोंगर रथ यात्रा में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नंद ने भगवान जगन्नाथ की छायाचित्र में पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि रथ यात्रा कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भालू डोंगर क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हम शासन प्रशासन से मांग करेंगे। विधायक नंद ने सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की राशि देने की बड़ी घोषणा की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भालू डोंगर पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रभान नायक, उपाध्यक्ष अर्जुन प्रधान, सचिव आत्माराम चौधरी, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, जगबंधु साहू, मोहन लाल भोई, निर्मल बढ़ई, डॉ सुरेश तांडी, सौमित्री बढ़ई, प्रदीप साहू, कैलाश साहू, शंभू साहू, मोहन साहू, नित्यानंद बारिक, वीरेंद्र बारीक, प्रकाश साहू, रशिक सेठ, श्रीराम प्रधान, लक्ष्मण मांझी, कृष्णा पटेल, दिलकिशोर प्रधान, लिंगराज साहू, महेंद्र भोई, दुष्यंत साहू, जयंत यादव, प्रियांशु चौहान सहित समिति के सदस्य और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सोरिद शाला में लोकतांत्रिक तरीके से हुआ बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद में बाल कैबिनेट का चयन किया गया। इस चुनाव में छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव प्रक्रिया के गुण सिखाए गए। सभी विद्यार्थी वोट डालकर कैबिनेट के सदस्यों को चुना। इस चुनाव में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए विभिन्न पदों के लिए अपना उम्मीद्वार चुना। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन, प्रचार, मतदान की सभी प्रक्रिया शामिल थी। शिक्षकों द्वारा मतदान अधिकारी के रूप में मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया को पूर्ण किया। विद्यार्थियों ने मतदान की प्रक्रिया को समझा और उत्साह से क्रमबद्ध बैलेट पेपर से मतदान किया। विद्यालय के प्रधान पाठक सरिता तिवारी ने पीठासीन की भूमिका निभाई और कहा कि बाल कैबिनेट चुनाव का उद्देश्य छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाता है। बाल कैबिनेट प्रभारी शिक्षक सोहन लाल साहू ने विजयी उम्मीदवारों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और अपने कर्तव्य निष्ठापूर्वक करने प्रेरित किया। मतदान दलों में अधिकारी क्रमांक 1 के रूप में शिक्षिका सीएच एलविना, अधिकारी कमांक 02 तारकेश्वरी मानिकपुरी, 03 शांतनु वर्मा ने अपना कर्तव्य निभाया। सर्वाधिक मतों से प्रधानमंत्री पद के लिए कुलवंत मानिकपुरी 8वीं, उप प्रधानमंत्री मोनिका ध्रुव, वित्त मंत्री नवीन साहू 6वीं, भवानी ध्रुव 7वीं, शिक्षा मंत्री डिगेश्वर निषाद 6वीं, देविक ध्रुव 8वी, स्वास्थ्य मंत्री नितेश ध्रुव 7वीं, पूनम सबर 7वीं, संस्कृति मंत्री डिगेश्वरी यादव 7वीं, कीर्ति ध्रुव 7वीं, खाद्य मंत्री चमेली संवरा, लावण्या यादव 7वीं, खेल मंत्री वेदिका विश्वकर्मा 7वीं, प्राची मानिकपुरी, अनुशासन एवं सुरक्षा मंत्री लतिका सहिस 6वीं, उद्यानिकी एवं पर्यावरण मंत्री पल्लवी यादव, दानेश सहिस, उद्योग मंत्री भूपेंद्र कुर्रे, सागरिका यादव चुने गए।

## संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष हरिता ने बताई अपनी संघर्ष यात्रा

### अमृतकाल छग विजन 2047 कार्यक्रम का रायपुर में हुआ आयोजन, हरिता पटेल बनी प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली



राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा विगत दिनों विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छग शासन मुख्य आतिथ्य के रूप में तथा ओपी चौधरी वित्त एवं योजना मंत्री छग शासन कार्यक्रम की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस सिविल लाइन रायपुर में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश के युवा, कृषक, महिला समूहों व प्रबुद्धजनों के साथ विचार-विमर्श एवं चर्चा किया गया। जिसमें सरायपाली अन्नपूर्णा महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हरिता पटेल भी प्रतिभागी बनी। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। संवाद कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से अनेक युवा, कृषक, महिला समूह, प्रबुद्धजन शामिल हुए थे, जिसमें सरायपाली से हरिता भी पहुंची थी। उन्होंने अपने संघर्ष से स्वाभिमान तक महिला सशक्तिकरण की पहल पर बातचीत कर अपना अनुभव साझा किए।

जिसमें वे अपना अनुभव साझा करते हुए हरिता ने बताया कि वह एक महिला किसान व बिहान की बेटी ग्राम चकरदा सरायपाली ब्लाक से है तथा 18 मई 2016 को उनका विवाह हुआ। घरेलू हिंसा पीड़ित होने के चलते यह शादी नहीं टिक पाई। इस घटना के बाद समाज व परिवार में बेहद संघर्ष का सामना करना पड़ा। पश्चात बिहान के रुप में उन्हें एक उम्मीद कि किरण दिखाई दी और 2019 में बिहान में सक्रिय महिला के रुप में चयन किया गया। अन्नपूर्णा स्वयं सहायता के माध्यम में मध्यान्ह भोजन चलाने के साथ-साथ सिलाई कढाई का कार्य आंरभ किया, बिहान की सहायता से विभिन्न व्यापार को अन्य गांव तक भी बढ़ाते हुए पूरे सरायपाली में करने लगे। आर सेटी के सहयोग से स्वयं सहायता समूह के साथ मिलकर घरेलू उत्पाद आचार, बडी पापड़ व साबुन, हार्पिक, फिनाइल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, निर्माण का कार्य व विक्रय का कार्य आरंभ किया। समय के साथ-साथ मेरा आत्मविश्वास व आय बढने लगा। सन 2021 में एचडीएफसी परिवर्तन व जीटी संस्था व बिहान के सहयोग से स्त्री कार्यक्रम के अंतर्गत सरायपाली स्वाभिमान महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड में उनका चयन बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर के पद के लिए हुआ। महिला किसान के लिए शासकीय योजना जैसे बीज ग्राम, पोषण बड़ी, पशुपालन, कृषि प्रशिक्षण, स्वाभिमान कृषि सेवा केंद्र इत्यादि का संचालन कर रहे है। वर्तमान में सरायपाली स्वाभिमान महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड में 512 शेयर धारक है। आज सरायपाली में सिलाई सेंटर का संचालन व घरेलू उत्पाद सामग्री विकय से लखपति दीदी के रुप में आर्थिक रुप से सक्षम हो चुके हैं। वर्तमान में 9 अन्य संस्थाओं मां शाकंभरी रक्तदाता सेवार्थ, भारतीय नारी शक्ति सहकारी समिति, इत्यादि संस्था के साथ मिलकर समाज सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता देकर जनपद, जिला व राज्य स्तर पर संस्था का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## बेवरेज कॉर्पोरेशन के लिए शराब खरीदी जल्द होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**29 को खुलेगा रेट ऑफर**

छत्तीसगढ़ में ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से शराब खरीदी के लिए जारी प्रक्रिया के तहत विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों का पंजीयन शुरू होने के बाद 29 जुलाई को रेट ऑफर खोला जाएगा। इसके साथ ही शराब खरीदी शुरू हो जाएगी। खास बात ये है कि राज्य सरकार ने हाल ही में कैबिनेट में निर्णय लेकर एफएल 10 लाइसेंस निरस्त किया था। इसे शराब कारोबार से बिचौलियों को बाहर करने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। अब एफएल 10 लायसेंस हासिल करने का अधिकार सरकारी कंपनी स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पास होगा। आबकारी विभाग ने शराब खरीदी के संबंध में एक सूचना जारी कर बताया है कि विदेशी मदिरा के थोक प्रदाय के लिए आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा 11 जुलाई को जारी रेट ऑफर के अनुसार आबाकारी आयुक्त ने 26 जुलाई की शाम तक रेट ऑफर आमंत्रित किया है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 जुलाई को 11 बजे रेट ऑफर खोला जाएगा, लेकिन इससे पहले विदेशी मदिरा के विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों की प्री बिड मंत्रणा आबकारी आयुक्त कार्यालय में शुक्रवार को हुई है। इस मंत्रणा में विदेशी शराब विनिर्माता, प्रदायकर्त इकाइयों को बुलाया गया।



### अब थोक खरीदी, भंडारण ब्रेवरेज कार्पोरेशन के हवाले

आबकारी विभाग ने राज्य शासन के आदेशानुसार इस संबंध में सूचना का प्रकाशन कराया है। विदेशी शराब के थोक क्रय, भंडारण एवं फुटकर अनुज्ञप्तिधारियों को विक्रय का काम छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा के लिए रेट ऑफर करने का काम आबकारी आयुक्त द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए रेट ऑफर प्रक्रिया में भाग लेने के पहले विदेशी मदिरा की विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयां आबकारी आयुक्त कार्यालय जीएसटी भवन नवा रायपुर अटल नगर में पंजीयन किया गया है। इसके लिए 9 तारीख से आवेदन लेना शुरू किया गया था।

## छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया संस्कृति की उपेक्षा शुरू से करती आई है भाजपा सरकारः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ी मिट्टी से ओतप्रोत स्थानीय खेल, गेड़ी, पिट्ठुल, रस्सी कूद, फुगड़ी, कंचा जैसे खेलों की छत्तीसगढ़यि ओलंपिक को बंद करने की बात की है। पहले भी भाजपा के 15 सालों में छत्तीसगढ़ की परंपरा, तीज-त्यौहार का खूब अपमान करती आई है। सात महीने पहले बनी सरकार बनते ही भाजपा ने राजकीय गीत को ऐच्छिक घोषित किया, छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर सवाल उठाए, छत्तीसगढ़िया राजकीय गमछे का उपयोग बंद किया और अब छत्तीसगढ़िया ओलंपिक भी बंद करने का किया ऐलान कर दिया है। ऐसा कर भाजपा ने एक बार पुनः छत्तीसगढ़िया संस्कृति का अपमान किया है। हाल ही में इनके वित्त मंत्री पैसे ना होने के कारण नई नौकरी निकालने में असमर्थता जता चुके हैं और युवाओं को अंधेरे में डालने की बात कर चुके हैं और भूपेश बघेल सरकार में शुरू की गई बेरोजगारी भत्ता और गौठान जैसी महत्वपूर्ण जनहितैषी योजनाओं को बंद कर चुकी है। बिजली बिल बढ़ा रही है। सरकारी शराब दुकानों में चखना सेंटर की व्यवस्था कर रही है। पूरे प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं।

## मौसम की बेरुखी से बिजली में खपत की गर्मी डिमांड 58 मेगावाट तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ अपना उत्पादन कम, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली रोज

मानसून में मौसम की बेरुखी के कारण बिजली की खपत में गर्मी आ गई है। इस समय बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट तक जा रही है। जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है, तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्रों में महज 18 सौ मेगावाट के आसपास उत्पादन हो रहा है।

210 मेगावाट के दो यूनिट खराबी के कारण बंद हैं। ऐसे में बिजली की आपूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज 35 से 37 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। बिजली की ज्यादा खपत का कारण उमस के कारण एसी और कूलरों के चलने के साथ ही बारिश न होने के कारण कृषि पंपों का चलना भी है।

मानसून के मौसम में इस समय ठीक से बारिश न होने का बड़ा असर बिजली की खपत पर पड़ रहा है। कभी-कभार ही बारिश हो रही है। ऐसे में उमस के कारण गर्मी की तरह ही एसी और कूलर लगातार चल रहे हैं। इनके चलने के कारण खपत का ग्राफ बढ़ रहा है। एसी और कूलरों पर ही रोज की खपत हजार से 12 सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ इस समय बारिश न होने के कारण खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर प्रदेश भर के करीब छह लाख कृषि पंप भी लगातार चल रहे हैं। कृषि पंपों पर भी रोज की खपत सात से आठ सौ मेगावाट है। ऐसे में मानसून के समय जो खपत चार हजार से कम होनी चाहिए, वह छह हजार के करीब पहुंच गई है।

बीते साल तो बारिश न होने के कारण खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है। इस बार भी खपत के छह हजार मेगावाट के पार जाने की संभावना है। अगर बारिश नहीं हुई तो कभी भी खपत छह हजार मेगावाट के पार हो जाएगी।

## सोने के लिए भी एक देश एक कीमत की योजना तस्करी और अवैध कारोबार पर लगेगी लगाम

**छोटे शहर के ग्राहकों को महानगरों की कीमत पर मिल सकेगी ज्वेलरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देशभर में सोने की कीमत को लेकर केंद्र सरकार एक देश एक कीमत पर विचार कर रही है। इसको लेकर मंथन चल रहा है। प्रदेश के सराफा कारोबारियों का कहना है, यह योजना अच्छी है। खुले बाजार में सोना सीधा न आने के कारण इससे तस्करी और अवैध कारोबार पर लगाम लगने की पूरी संभावना है। एक ही कीमत होने पर छोटे शहरों के ग्राहकों को इसका फायदा मिलेगा। अभी अलग-अलग शहरों में परिवहन और राज्यों के टैक्स की बात कहते हुए ग्राहकों से ज्यादा कीमत ले ली जाती है। नई पॉलिसी से छोटे शहरों के ग्राहकों को भी महानगरों की कीमत पर ज्वेलरी मिल सकेगी।

प्रदेश के सराफा कारोबारियों का कहना है, देश में ज्यादातर प्रमुख ज्वेलर्स के बीच वन नेशन वन रेट पॉलिसी को लेकर सहमति बन गई है। जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल की इस पहल का मकसद पूरे देश में सोने की कीमत को एक करना है। जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल ने पूरे देश में सोने की एक ही दर लागू करने पर सर्वसम्मति से भारत के प्रमुख ज्वेलर्स से राय ली है। अब सितंबर में एक बड़ी बैठक होने वाली है। इसमें बड़े ऐलान की संभावना है। वन नेशन वन रेट पॉलिसी ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। अगर पूरे देश में सोने का एक ही रेट होता है, तो इससे बाजार और ज्यादा बेहतर हो जाएगा। इसके साथ ही पूरे देश में सोने की कीमतों के एक होने से सोने की कीमत में भी कमी आ सकती है। ऐसा होने से ज्वैलर्स के बीच भी उचित प्रतिस्पर्धी माहौल बनेगा। साथ ही अभी जो ज्वेलर्स सोना बेचने पर कई बार मनमानी कीमत वसूलते हैं, उस पर भी लगाम लगेगी।



### एक ही कीमत होनी चाहिए

केंद्र सरकार की यह योजना अच्छी है, देशभर में एक ही कीमत होने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा। सितंबर में होने वाली बैठक में छत्तीसगढ़ एसोसिएशन को भी आमंत्रण मिला, तो जाकर अपनी राय देंगे। - **कमल सोनी,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### अवैध कारोबार पर लगेगा अंकुश

राजधानी रायपुर के सराफा कारोबार नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि नई पालिसी से सोने की तस्करी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा। इस समय बाजार में सोना जहां बैंकों की माध्यम से आता है, वहीं खुले बाजार से भी आता है, लेकिन नई पॉलिसी में खुले बाजार में सोना आना बंद होगा। नेशनल बुलियन एक्सचेंज से ही सोना मिलेगा, तो अवैध कारोबार आसान नहीं होगा। इसका पूरा हिसाब रहेगा। इस समय दूसरे देशों से जो सोना आता है, उसका कोई हिसाब-किताब नहीं रहता है। आयात शुल्क के साथ जीएसटी बचाने के लिए दो नंबर में बिक्री होती है। ग्राहकों को ही दस ग्राम सोने में 11 हजार से ज्यादा बच जाते हैं तो वे भी बिल नहीं लेते हैं। निवेश के लिए सोना खरीदने वाले ज्यादातर बिना बिल का ही माल लेते हैं।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत, जुर्म दर्ज



**महासमुंद**। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बावनकेरा के पास एनएच 53 रोड़ पर दो बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस मर्ग जांच में जुटी हुई थी। जांच के बाद 19 जुलाई को मामला दर्ज कर लिया गया है। मर्ग जांच में पाया गया कि 13 अप्रैल को एनएच 53 रोड पर मुंगईमाता मंदिर के पास मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 सीडब्लू 9455 का चालक अपनी मोटर सायकल को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर रवि ध्रुव पिता गणेशराम ध्रुव (22 वर्ष) निवासी ग्राम कोकोभांठा के मोटर सायकल डिलक्स को पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे में रवि के सिर में एवं शरीर में गंभीर चोट लगी, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 22 अप्रैल को रवि की मौत हो जाने जांच के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध धारा 304-ए भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने पर अपराध दर्ज

**महासमुंद**। बसना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ सोशल मीडिया का प्रयोग कर महिला एवं बच्चों का अश्लील वीडियो अपलोड करने के लिए धारा 67आइएनएफ, 67(बी) आइएनएफ, 67(ए) आइएनएफ, का अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। घटना 30 अप्रैल 2024 की बताई गई है।

**चर्चा :** भाजपा की विस्तृत जिला कार्यसमिति की हुई बैठक, आगामी कार्ययोजना की दी गई विस्तृत जानकारी

# भाजपा सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में विस्तृत जिला कार्यसमिति की बैठक जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही के मार्गदर्शन में हुई। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आयोजित जिला कार्यसमिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं का पंजीयन पश्चात सभा हाल में प्रारंभिक सत्र में वर्ग एवम संगठन गीत और वंदेमातरम का गायन संदीप दीवान, विनोद दीवान, सुधा साहू द्वारा किया गया।

बैठक प्रारंभ करने के पूर्व सांसद रूपकुमारी चौधरी, बैठक के मुख्य वक्ता जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी सहित मंचस्थ भाजपा पदाधिकारियों द्वारा भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, लगन और उत्साह के परिणामस्वरूप हमने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की एनडीए की सरकार बनाने में सफलता हासिल किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में कार्यकर्ताओं सहित आम मतदाताओं का अविस्मरणीय योगदान है। बैठक के मुख्य वक्ता जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने देश प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में अहम योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, ऊर्जा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार मंडल एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देते हुए प्रदेश एवं जिला संगठन की बैठक में आमंत्रित कर नई पहल शुरू किया है। पाणिग्रही ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में विरासत के रूप में देश की सत्ता पर एकक्षत्र राज करने वाली कांग्रेस ने देश की आजादी में अमूल्य योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग तपस्या और बलिदान को सत्ता के मोह में नकारकर अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा को सर्वोपरि रखा था। सन 2014 में देश में कठिन और चुनौतीपूर्ण समय में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहला लोकसभा का चुनाव लड़ा और गांव गरीब मजदूर किसान को समर्पित केंद्र में भाजपा की सरकार बनी।

पाणिग्रही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ सबका साथ विकास के संकल्प के साथ जो ऐतिहासिक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरा करने का कार्य किया है उसी के परिणामस्वरूप हमने 2019 और अभी 2024 में लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में सफलता हासिल किया है। देश प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में देवतुल्य कार्यकर्ताओं की अहम उल्लेखनीय भूमिका रही है। देश की जनता ने मोदी की दी हुई गारंटी पर भरोसा जताते हुए जनादेश दिया है। और जनादेश का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। पाणिग्रही ने 15 जुलाई से 29 सितंबर तक की संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को दी। बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के हम सदस्य है, ये हम सभी के लिए गर्व और सम्मान की बात है। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित मतदाताओं का सम्मान कर हमने उनके दिए गए योगदान को अमूल्य धरोहर की तरह संजोकर रखा है। कार्यकर्ताओं ने दिनरात परिश्रम कर प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है। महिलाओं के सम्मान के साथ सर्व वर्ग के विकास के लिए समर्पित भाजपा की सरकार अपने इस कार्यकाल में आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगी। भाजपा के विजय अभियान को हम सभी को रुकने नहीं देना है। सांसद रूपकुमारी ने कहा कि छोटा चुनाव हम सबकी लिए काफी परिश्रम और प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ कठिन चुनाव होता है। हम सभी एकजुट होकर हर सँघर्ष में अवश्य ही सफलता प्राप्त करेंगे।

योगेश्वर राजू सिन्हा ने मोदी की पिछली 10 साल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी की सरकार को यह जनादेश राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों के लिए मिला है। विशेषकर धारा 370, अनुछेद 35ए, तीन तलाक, राममंदिर जैसे मुद्दों का समाधान केंद्र की मोदी सरकार की कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस बधाई प्रस्तावना का समर्थन पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने किया। आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि विगत 6 माह के अंतराल में हमने विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में कार्यकर्ताओं की समर्पण, मेहनत और आम मतदाताओं के जनसमर्थन से विजय हासिल किया है। आगामी दिनों में त्रिस्तरीय पंचायतीराज और नगरीय निकायों का चुनाव हमारे समक्ष चुनौती बनकर खड़ा है। इन चुनावों में बूथ स्तर तक के सभी जमीनी कार्यकर्ताओं की योग्यता और क्षमता का आंकलन होता है। प्रदेश में घोटालेबाज कांग्रेसी सत्ता का अंत होने के बाद भी स्थानीय स्तर पर कुछेक शासकीय विभागों में कांग्रेसी नेताओं का दबाव और दखलंदाजी बनी हुई है। जिसके चलते नागरिकों और कार्यकर्ताओं के जनहित के कार्यों का निराकरण करने में असुविधा हो रही है।






### भरोसे का प्रतीक है भाजपा

बैठक के दौरान राजनैतिक प्रस्ताव का वाचन करते हुए बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि भाजपा आज भरोसे का प्रतीक है। देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकलने की बात हो या 80 करोड़ लोगों तक निशुल्क अनाज पहुंचाना हो, करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात हो, 4 करोड़ लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विकास कार्यों की उपलब्धि हमारे लिए गौरव की बात है। राजनैतिक प्रस्ताव का समर्थन पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण का पठन प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने करते हुए कहा कि मोदी की सरकार की योजनाएं विकास के साथ प्रगति को बढ़ावा देती है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने लोकसभा चुनाव का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि रीति-नीति और सिद्धांतों पर कार्य करने वाली भाजपा की कथनी और करनी पर देश प्रदेश की जनता को पूर्ण विश्वास रहा है और भाजपा की सरकार में ही देश प्रदेश का सर्वांगीण विकांस का स्वप्न साकार होने की अपेक्षाएं जनता जनार्दन को है। संविधान की धज्जियां उड़ाने वाले कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की देश की एकता अखंडता को चूर करने की मंशा धरी की धरी रह गयी। बैठक के प्रारम्भिक सत्र में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा शोक संदेश प्रस्तुत किया गया। जिसमें विगत दिनों पार्टी कार्यकर्ताओं सहित पार्टी की विचारधारा से जुड़े वरिष्ठ जनों के दुःखद निधन का स्मरण करते हुए उन्हें 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर एवम आभार जिलामंत्री निरंजना शर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, रामलाल चौहान, परेश बागबाहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता छतरसिंह नायक, मोती साहू, ललिता अग्रवाल सहित भाजपा कोरग्रुप, प्रदेश, जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,जिला, जनपद, नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, पार्षदगण सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बायपास निर्माण के हर संघर्ष में हम नपाध्यक्ष के साथः अधिवक्ता संघ

## बायपास निर्माण अभियान को अधिवक्ता संघ ने दिया अपना समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बायपास निर्माण में सड़क से सदन तक हर संघर्ष में हमारा संघ नपाध्यक्ष के साथ है। जनहित की यह मांग पर अविलंब आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ होनी चाहिए। उपरोक्त कार्य की पहल पर नपाध्यक्ष बधाई व सम्मान की पात्र है। उक्त कथन बायपास के मुद्दे पर नपा अध्यक्ष द्वारा समर्थन की माँग पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा व सचिव नूतन साहू व ने कही। शनिवार को अधिवक्ता संघ कार्यालय में नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पहुंच कर बायपास निर्माण मुहिम में संघ से समर्थन मांगा।

नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को समर्थन पत्र प्रदान करते हुए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव नूतन साहू व पदाधिकारियों ने एक स्वर पर उपरोक्त मार्ग अभियान पर कुशलता से केंद्र के मंत्री गडकरी के पास रखकर इस जनहित के मांग को संज्ञान में लाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मार्ग निर्माण के प्रत्येक पहलू पर अभिभाषक संघ उनके साथ सहभागी के रुप मे शामिल होगा। सड़क से सदन तक इस मार्ग के प्रत्येक संघर्ष में हमारा संघ उनका समर्थन करता है। अभिभाषक संघ के अनेक सदस्यों ने श्रीमती महिलांग से पूर्व की सरकारी कार्रवाई के बारे में विस्तार से चर्चा व आगामी समय मे केंद्रीय मंत्री व उनके बीच मुलाकात के कार्यक्रम में हुए संवादों के आदान-प्रदान के बारे में जाना। संघ के अनेक सदस्यों ने संबंधित विभाग मंत्री तक किस माध्यम से नपाध्यक्ष को पहुचने के बारे में भी जाना। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने प्रारंभ से मुलाकात तक हर कार्य को विस्तार से बताया। श्रीमती महिलांग के साथ युवा नेता अरिश अनवर, नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा व रुखसार खान उपस्थित रहें। नपाध्यक्ष को समर्थन पत्र सौपे जाने पर वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र चंद्राकर, साधना सिंह नैनी, हैदर कादरी, अनिल जैन, सलीम क़ुरैशी, राजेश डड़सेना, शेख वाजिद, सिनोधा राजेन्द्र बॉसवार, जितेंद्र इदिकर, भरत सिंह ठाकुर, बंशीलाल साहू, रूपम शर्मा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता संघ के सदस्य मौजूद रहें।

# वेडनर मेमोरियल स्कूल में हुआ छात्र संघ का गठन, शपथ भी दिलाई गई

**महासमुंद**। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संघ का गठन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम के सानिध्य में शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ द्वारा इन्हें अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली भांति निर्वहन करने, सजगता पूर्वक कार्य करने तथा हमेशा अनुशासन में रहकर कार्य करने की शपथ दिलाई गई। छात्र संघ के गठन के तहत सर्वप्रथम शाला नायक एवं उपशाला नायिका का चयन किया गया। शाला नायक जगप्रीत सिंग धन्वा, शाला नायिका विदुषी यादव, उपशाला नायक पार्थ साहू, उप शाला नायिका श्रुति चंद्राकर को पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। किसी भी क्षेत्र में अनुशासन के साथ-साथ योग्य नेतृत्वकर्ता का होना अति आवश्यक है। खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलने के लिए आयुषी चंद्राकर एवं कुणाल चंद्राकर को खेल प्रभारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी सिमरन कुकरेजा, टिशा नंदवानी, युग राठौर एवं आर्यन चंद्राकर चयनित किए गए।



यातायात प्रभारी अश्वनी शर्मा, सौरभ साहू, अभिषेक पटेल, शेख नूर, आयशा रजा, आयुषी कुमारी, ताजवर, अहाना यादव, वैभवी पवार, नेहा माहेश्वरी चुने गए। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं के हाऊस कप्तान एवं उपकप्तान का भी चयन किया गया। विद्यार्थियों के उचित मार्गदर्शन हेतु हाउस मास्टर एवं मिस्ट्रेस का भी चयन किया गया। विद्यार्थियों में ब्लू हाऊस कप्तान राहुल कुर्रे, सिद्धि चंद्राकर, उपकप्तान आर्यन भगत, कोमल चंद्राकर, ग्रीन हाऊस कप्तान अनुराग मारकंडे, मिस्टी चंद्राकर, उप कप्तान आदित्य पाल एवं काजल कुमारी, रेड हाऊस कप्तान नवल टावरी, अन्वेषा गुप्ता, उप कप्तान भावेश चंद्राकर, गुरबानी कौर, यलो हाऊस कप्तान आदेश सिंह ठाकुर, अन्नया चंद्राकर, उप कप्तान श्रेयांश चंद्राकर एवं करनीत कौर चयनित किए गए। शाला के मैनेजर एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकगणों ने छात्रों के चयन पर हर्ष जताया। मंच संचालन क्रीड़ा प्रभारी छन्नू लाल साहू ने किया।

# धीरज सरफराज से अपना संबंध सार्वजनिक करें कांग्रेसीः चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने कांग्रेस नेता धीरज सरफराज पर की गई जिला बदर की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए इसे देर से लिया फैसला बताया। इस फैसले से उन परिवार को न्याय मिलेगा, जिन्होंने शराब की लत में अपने परिवार को बर्बाद होते हुए देखा है। साथ ही अपनी आंखों के सामने अपनों को मरते हुए देखा है। पूरे क्षेत्र को अवैध शराब के शिकंजे में जकड़ कर अवैध कमाई करने वालों के लिए भारतीय जनता पार्टी के शासन का यह कड़ा संदेश है कि अब उनकी खैर नहीं। भाजपा शासन के आते ही मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के निर्देश पर अवैध नशे का जाल फैलाए कोचियों को कानून के शिकंजे में जकड़ा गया, जिन सभी को कांग्रेस शासन का संरक्षण प्राप्त था। एक मोटी रकम कांग्रेस के नेताओं को हफ्ते के रूप में पहुंचाते थे। आज ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई का परिणाम है कि शराब की दुकानों पर चल रही ढेबर एंड कंपनी की अवैध दुकान बंद हो गई है और ढेबर एंड कंपनी के एजेंट अब जिला बदर और जेल जाने जैसी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



धीरज सरफराज पर हुई इस कार्रवाई से उन लोगों को संतोष मिलेगा, जो इनके अपराध के कारण प्रताड़ित रहे हैं। इस कार्रवाई से उन गौ भक्तों की आत्मा को ठंडकता मिलेगी जिन्हें प्रताड़ित करने का काम इन असामाजिक तत्वों ने किया है। डॉ चोपड़ा ने कांग्रेस के नेताओं को चेतावनी दी है कि ऐसे नेताओं को संरक्षण देना बंद करें एवं अधिकारियों को ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई रोकने जैसी बात कहना बंद करें। कांग्रेस ने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में ऐसे अपराधियों को संरक्षण देकर राजनीति और अपराधीकरण को अमलीजामा पहना कर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास किया। आज भी कांग्रेस के लोग जुआ, सट्टा, शराब की बिक्री में खाता बही लेकर लगे हुए हैं जिन्हें कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय से लेकर स्थानीय स्तर के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। डॉ चोपड़ा ने प्रशासन से मांग की है कि धीरज सरफराज की अवैध गुटखा फैक्ट्री प्रकरण पर भी कठोर कार्रवाई करें एवं उनकी संपत्ति की जांच करते हुए नयापारा का मकान एवं सुभाष नगर की भूमि की भी जांच कर अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया जाए तब ऐसे अपराधियों को सही सबक मिलेगा।

चोपड़ा ने कांग्रेस नेताओं से भी कहा है कि ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने के बजाए प्रशासन से अनुरोध करें कि इन्हें जेल में डालें एवं सार्वजनिक घोषणा करें कि कांग्रेस का संरक्षण इन्हें नहीं है। इनका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। प्रशासन से अनुरोध है कि वह हाई कोर्ट में केविएट दायर कर धीरज सरफराज को इस आदेश पर स्टे लेने से रोकें। अभी इस गैंग के अनेक लोग कार्रवाई से बचे हैं, उन पर भी जिला बदर की कार्रवाई कर शहर के अमन-चैन को सुरक्षित किया जाए।

# यूथ एंड इको क्लब तथा छात्र संघ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में सत्र 2024-25 के लिए यूथ एंड ईको क्लब का गठन किया गया। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार विद्यालय के यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता नीलिमा भोई के निर्देशन तथा प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में छात्रों में नेतृत्व कौशल के विकास, विभिन्न विद्यालयीन एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता का भाव विकसित करने के उद्देश्य से यूथ एंड ईको क्लब का गठन अप्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से किया गया। इसमें प्रधानमंत्री के पद पर कक्षा बारहवीं के ओमकार पटेल, उप प्रधानमंत्री भूमिका पांडे, शिक्षा मंत्री यामिनी पांडे, उप शिक्षा मंत्री रवीना पटेल, वित्त मंत्री मिथलेश साहू, उप वित्त मंत्री ज्योति निषाद, खेल मंत्री लक्ष्मी साहू, उप खेलमंत्री दुर्गा निषाद, कानून एवं रक्षा मंत्री मोनिका निषाद, उप कानून एवं रक्षा मंत्री संगीता निषाद, स्वास्थ्य मंत्री पल्लवी राणा, उप स्वास्थ्य मंत्री हेमकुमारी पटेल, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री मिथलेश साहू, उप कृषि एवं पर्यावरण मंत्री निलेश यादव, प्रार्थना प्रभारी प्रणव तिवारी, यश यादव, अनिता साहू, योगेश्वरी पांडे, छात्रा प्रतिनिधि ताकेश्वरी साहू, मोनिका ठाकुर निर्वाचित हुए। कक्षा नवमी से कक्षा नायक गरिमा पटेल, युवराज पटेल नवमी ब से, कक्षा दसवीं अ साक्षी ठाकुर, दसवीं ब मनीष चक्रधारी, ग्यारहवीं वाणिज्य सत्यम पटेल, ग्यारहवीं विज्ञान मोनिका ठाकुर, बारहवीं कला संजू विश्वकर्मा, बारहवीं विज्ञान दीपाली साहू, बारहवीं वाणिज्य मिलेश्वर पटेल निर्वाचित हुए। सभी छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं कर्तव्य का शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन योगेश साहू ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता तुलाराम दीवान, पन्नालाल साहू, भूपेंद्र पढ़ियार, दुर्गेश चंद्राकर, कुसुम साहू एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।







# लखपति दीदी में चयनित होने पर महिला समूह ने कराया न्योता भोज

**सरायपाली**। ग्राम पंचायत चकरदा में अन्नपूर्णा महिला स्वसहायता समूह द्वारा प्राइमरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें अन्नपूर्णा समूह के अध्यक्ष हरिता पटेल, सचिव रेखाबाई चौहान, लेखापाल लीलावती पटेल, सक्रिय महिला सजनी पटेल, ग्राम संगठन लेखापाल तुलसी पटेल, लोचनाबाई, अहिल्या, चैन मोती पटेल एवं सभी शिक्षक लोग उपस्थित थे। अन्नपूर्णा महिला समिति समूह के सभी बहनों को लखपति दीदी में चयनित हुआ है। और राज्य स्तरीय विजन 2047 कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका एवं मुख्यमंत्री से संवाद करने का मौका मिला। जिसके लिए उन्होंने न्योता भोज कराया। स्कूल को बच्चों का क्योंकि अन्नपूर्णा महिला समिति समूह का स्थापना प्राइमरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल के मध्याह्न भोजन को संचालित करने के लिए ही सन 2014 में स्थापित किया गया था। इसलिए उन्होंने अपनी खुशी को स्कूल के बच्चों के साथ साझा करना पसंद किया ।

# प्रस्तावित कांग्रेस विधानसभा घेराव में शहर के हर वार्डों से कार्यकर्ताओं की होगी भागीदारी : राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### बैज को प्रदेशाध्यक्ष के रूप में एक वर्ष के सफलता पूर्ण कार्य के लिए दी बधाई

कांग्रेस के प्रस्तावित विधानसभा घेराव के विषय व तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज से शुक्रवार देर शाम मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की। श्रीमती महिलांग ने प्रदेशाध्यक्ष बैज को बताया कि महासमुंद शहर के प्रत्येक वार्डों से उक्त आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी होगी। आंदोलन में शहर के अधिकांश वार्डों में कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा चुका है। सभी कार्यकर्ताओं को नियमित समय मे घेराव स्थल तक पहुचने के निर्देश दिए जा चुके है। चर्चा के दौरान बैज ने कार्यक्रम में वाहनों के इंतजाम के सबंध में श्रीमती महिलांग से विस्तार से जानकारी ली। श्रीमती महिलांग ने बैज को पूर्ण प्रदेश कांग्रेस मुखिया के दायित्व 1 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष शुभकामनाएं दी व उनके साथ सरकार के खिलाफ हर संघर्ष में साथ होने की बात दोहराई। चर्चा के दौरान नपाध्यक्ष से प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने आगामी समय पर होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए वार्ड परिसीमन व नगर मुखिया आरक्षण के बारे में जाना व आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हमें हर हाल में प्रदेश स्तरीय घेराव कार्यक्रम को सफल व आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। नपाध्यक्ष के साथ भेंट कार्यक्रम में सहयोगी नीरज परोहा, युवा नेता अरिश अनवर, सगनजोत सिंघ, रुखसार खान उपस्थित रहे।



### बोलेरो वाहन की ठोकर से बाइक सवार पति-पत्नी एवं बच्चा घायल

**महासमुंद**। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखागढ़ में बंसल किराना स्टोर्स के सामने बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार पति-पत्नी और ढाई वर्षीय बच्चा घायल हो गया। वार्ड नं 12 रानीसागर पारा पिथौरा निवासी अधिकार देवार ने पुलिस को बताया कि वह 19 जुलाई को अपनी गाड़ी क्र. सीजी 06 जीएल 6287 सुपर एक्सेल से अपनी पत्नी कामिनी देवार, पुत्र सम्राट देवार के साथ घर जा रहे था, तभी करीबन शाम 4:30 बजे बंसल किराना स्टोर्स के पास पिथौरा की ओर से आ रही सफेद रंग की बोलेरो वाहन के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया। हादसे में बाइक सवार उसे, पत्नी और बच्चे को चोट लगी है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बोलेरो वाहन के चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## खबर संक्षेप



### कन्या स्कूल में छात्र संघ का हुआ मनोनयन

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में सर्वसम्मति से छात्र संघ का मनोनयन किया गया। शाला नायक अलिशा बानो, उपशाला नायक शेया टिकेदार, सचिव भूमिका पटेल, सहसचिव ज्योति बंजारे बनाए गए। क्लास कैप्टन नवमी से ज्योति टंडन, उपकप्तान नेहा, दसवीं से खिलेश्वरी साहू, गीतांजलि बांधे, ग्यारहवीं से श्वेता शर्मा, रागिनी साहू, बारहवीं से चंचल कौर, ममता निषाद बनाए गए।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। जिसमें शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष आलेख चंद्राकर व उपाध्यक्ष पोषण साहू और पलकगण उपस्थित थे। संस्था के प्रधान पाठक देव चरण साहू और स्टाफ धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव और बालक बालिका उपस्थित रहे।



### प्राथमिक शाला बिरकोनी में बाल सभा का गठन

**बिरकोनी।** प्राथमिक शाला बिरकोनी में शनिवार को बैगलेस डे पर बाल सभा का गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री रेशमा गजेंद्र 5वीं, शिक्षामंत्री मुकेश्वर दास 5वीं, खेल व सांस्कृतिक मंत्री तुषार साहू 4 थी, स्वास्थ एवं स्वच्छता मंत्री टीना साहू 4थी, कृषि व पर्यावरण मंत्री मोनिका साहू 5वीं, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री मनीष पटेल 5वीं का चयन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने इनके नामों पर सहमति जताई। कार्यकम में एसएमसी अध्यक्ष आलेश चंद्राकर, एसएमसी उपाध्यक्ष पोषणलाल साहू व अन्य पालकगण उपस्थित थे। प्रधानपाठक देवचरण साहू, वरिष्ठ शिक्षिका धनेश्वरी प्रजापति, मेघा ध्रुव, मुकेश प्रजापति सहित सभी छात्र उपस्थित रहे।

# गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे संयुक्त संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश कुमार पांडे आज 11 औचक निरीक्षण के लिए गुरुकुल आश्रम कोसरंगी पहुंचे। जहां समस्त व्यवस्थाओं को बारीकी से निरीक्षण किया। विद्यार्थियों को अध्ययन करते हुए, विद्यार्थियों का आवास परिसर, सभी कक्षाओं को निरीक्षण किया। भोजन आवास आदि व्यवस्थाओं को भी निरीक्षण किया। समस्त व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और भूरि-भूरि प्रशंसा की।





स्वामी धर्मानंद सरस्वती (संस्थापक, महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना) का भी आगमन हुआ था। उनके देशभर में 16-17 संस्थाएं हैं, उनमें से एक संस्था गुरुकुल कोसरंगी भी है। स्वामी धर्मानंद सरस्वती से उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया और गहन चर्चा भी की। ब्रह्मचारियों को आशीर्वाद दिया और यह संस्था को देखकर आप अभिभूत हुए और विद्यार्थियों के उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। स्वामी ने भी ब्रह्मचारियों को जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। गुरुकुल में पधारे अतिथि महानुभावों को वैदिक परंपरा अनुसार वेद मंत्रों के गान से अतिथियों का स्वागत किया गया। यह सारा आयोजन बहुत ही सुंदर ढंग से गुरुकुल के आचार्य मुकेश कुमार ने संचालित किया।


## पहल : लोगों की समस्याओं को लेकर भाजपाइयों ने एसडीएम से की चर्चा

# एसडीएम कार्यालय परिसर में सुनी आम जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के साथ भाजपाइयों ने शुक्रवार 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनी गई। कई लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत की, जिसमें राम टहल निषाद बेमचा, संतराम चक्रधारी बरोंडा बाजार, चंद्रपाल चंद्राकर कोना, धनंजय शर्मा नांदगांव, संतूराम साहू महासमुंद, एसआर ध्रुव इमली भाठा, चोवाराम वर्मा महासमुंद, संगीता भावे इमली भाठा, मिलाप सेन महासमुंद की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने एसडीएम से मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि 4 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जाएगी।

लोगों ने शिकायत की है कि कार्यालयों में बाबू का आतंक बढ़ गया है। खासकर



तहसील कार्यालय के बाबू अपनी मनमानी करते है। कोई अपनी समस्या लेकर आता है तो उन लोगों को बाबू द्वारा कार्यालय के बार-बार चक्कर लगवाया जाता है। सही आवेदन होने के बावजूद बाबू द्वारा आवेदन को वापस कर दिया जाता है। जनता और किसानों की फाइलों को नही मिल रहा है कर अप्रत्यक्ष रुप से घुस मांगा जाता है। पैसे मिलने के उपरांत इन्हें फाइल मिल जाती है। जनता तहसील कार्यालय के अधिकारियों से नहीं इनके बाबू से बहुत परेशान है। किसान और आम जनता से बदतमीजी से बात किया जाता है। ढंग से बात नही किया जाता। जनता इन्ही लोगों के गलत व्यवहार, बर्ताव और अपने कार्य के प्रति उदासीनता के कारण त्रस्त है। जनता को सीमांकन एवं त्रुटि सुधार जैसी समस्याओं के लिए 6-7 महीने घुमाया जाता है। किसानों को इन्हीं समस्याओं का निराकरण नहीं होने से बीज, खाद, कृषि ऋण नहीं मिल पाता। किसान अपना धान मंडी में नही बेच पाते और भी बहुत सी शिकायत किसानों और आम जनता ने तहसील कार्यालय के बाबू पर लगाई है। इसी वजह से डॉ. चोपड़ा और भाजपाइयों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोगों से भेंट करते हैं उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का निराकरण जितना जल्दी हो करवाया जा रहा है। और जो भी घूसखोर और सही प्रकरण का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारी, कर्मचारी हैं उनकी शिकायत राजस्व मंत्री के पास और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से भी की जाएगी। भेंट के दौरान मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, नरेश ध्रुव, शुभम पांडेय, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# शहर विकास के लिए फंड जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर विकास को लेकर भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी एवं भाजपा पार्षदगण मीना वर्मा, माधवी महेन्द्र सिका, हफीज कुरैशी, मनीष शर्मा, मंगेश टांकसाले, मुन्ना देवार, हेमलता यादव, कमला बरिहा सहित भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष शुभ्रा शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा राजधानी रायपुर पहुंचकर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निवास पर भेंट कर ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गत पांच वर्षों से महासमुंद पालिका की हालत खस्ता है। कोई भी विकास कार्य नही हुआ। कांग्रेस के शासन काल में अधोसंरचना मद केंद्र सरकार के पैसे को भी रोक कर दिए है, इसलिए कई काम अधूरे पड़े है। कांग्रेस की भूपेश सरकार के घोषणा का फंड नहीं आया केवल लालीपाप जनता को कांग्रेसियों ने दिखाया है। भाजपा पार्षदों ने शहर विकास के लिए अधोसंरचना मद की राशि जारी करने का अनुरोध किया। इसके अलावा शहर में प्रधानमंत्री आवास भी कांग्रेस के शासनकाल में ठप पड़ा हुआ था। मृत अवस्था में आवास योजना चल रही थी। भाजपा के शासन आने से जनता में आस की किरण जागी है। शीघ्र ही आवास योजना के लिए फंड जारी कर लोगों के आवास की फाइल जांच कराकर गरीबों का आवास बनाने की पहल की गई। उपमुख्यमंत्री को मातृत्व वंदन के सुचारू संचालन के लिए बधाई दी गई। बताया गया कि महिलाओं के



खाते में महीने की पहली तारीख को 1000 रुपए जमा हो जा रहा है। उन्होंने निवेदन किया गया कि कुछ महिलाएं जानकारी व अज्ञानता के अभाव में फार्म जमा नही कर पायी है, ऐसे वंचित महिलाओं के लिए मातृत्व वंदन योजना का पोर्टल ओपन किया जाए। जिससे उन्हें भी मातृत्व वंदन योजना का लाभ मिल सकें। सभी मांगों पर मंत्री ने गंभीरता दिखाते हुए शहर विकास के लिए फंड जारी करने का आश्वासन दिया है।

# भाषण में अनिता व चित्रकला स्पर्धा में दुर्गा प्रथम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में विश्व युवा कौशल विकास दिवस पर प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में शाला में संचालित व्यवसायिक शिक्षा विभाग की प्रभारी शिक्षिका प्रज्ञा लांजेवार तथा भारती यादव द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अनिता यादव ने प्रथम, मधु यादव व हीना साहू ने द्वितीय तथा देविका कुर्रे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में दुर्गा देवांगन ने प्रथम, शालिनी व रश्मि पाटकर ने द्वितीय तथा जान्हवी औसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में तोषण गिरि गोस्वामी, ज्योति किरण चंद्राकर और तपस्या शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूजा साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रशेखर मिथलेश, निधि तिवारी, मधुमति चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा।

# सुंदरलाल शर्मा विवि के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ आनलाइन प्रवेश की प्रारंभ तिथि 11 जुलाई से 31 अगस्त तक

पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अध्ययन केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2024-25 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की प्रारंभ तिथि 11 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक है। उक्त अवधि में स्नातक पाठ्यक्रम में बीए, बीएससी (गणित), बी काम., बीबीए, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रय में एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एम काम, एमएससी (गणित), एमएससी (कंप्यूटर साईंस) एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलाजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में सर्टिफिकेटर इन गुड्स एंड सर्विस टैक्स तथा बी लिब एंड आईएससी की विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश लिया जा सकता है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाइट में ऑनलाइन प्रवेश कर सकते है। ऑनलाइन शुल्क का भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात विद्यार्थी भरे गए प्रवेश फार्म का स्लिप प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें। छात्रों के प्रवेश फार्म एवं जमा शुल्क का सत्यापन क्षेत्रीय केंद्रों में स्वतः होगा। सत्यापित प्रवेश फार्म की सूचना 08 से 10 दिवस में शिक्षार्थी द्वारा दी गई मोबाईल नंबर में भेजी जाएगी।

फार्म एवं शुल्क वैध न पाए जाने पर विद्यार्थी को आपत्तियों की जानकारी द्वारा दी जाएगी तथा विद्यार्थी को इन आपत्तियों को निराकरण एक सप्ताह में पूरा करना होगा। प्रवेश संबंधित जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में अध्ययन केंद्र महाविद्यालय के मिनी स्टेडियम महासमुंद स्थित भवन में संपर्क किया जा सकता है।

# योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 25 से

## जिला भाजपा कार्यालय महासमुंद में होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत में योग का वातावरण, योग के विस्तार, योग को जनमानस में लाने के लिए स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के निर्देशन में जिला भाजपा कार्यालय महासमुंद में 25 जुलाई से 20 अगस्त तक 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 100 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें सुबह योग का अभ्यास, योग के प्रकार, योग से लाभ, योग से होने वाले रोगों का उपचार, प्राणायाम का अभ्यास, योग की बारीकियों को पतंजलि योगाचार्य द्वारा बताया जाएगा। इसमें अध्यात्म योग दर्शन, उपनिषद, वैदिक ज्ञान, ऑक्यूपेशर, आहार षटकर्म, घरेलू उपचार, आयुर्वेद औषधि का उपयोग आदि के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण करने के बाद पतंजलि योगपीठ से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में योग का बहुत महत्व है। स्कूल व कॉलेज संस्थान में अनिवार्य रूप से केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा भारत के सभी जिलों में खेल के माध्यम से लागू कर दिया गया है। युवा जगत के लिए स्कूल व कॉलेज विद्यार्थी शिक्षक बनना चाहते हैं, उनके लिए यह सर्टिफिकेट वरीयता दी जाएगी। योग से आर्थिक समस्या का समाधान भी कर सकते हैं। पतंजलि योगपीठ के महिला पतंजलि योग ने महासमुंद में पूर्व दो शिविर प्राकृतिक चिकित्सा एवं रक्त मोचन सिंगी चिकित्सा का शिविर लगाया जा चुका है। यह जानकारी महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ की हेमलता साहू ने दी।

# ग्रामीण युवाओं को मिला कुक्कुट पालन और प्रबंधन पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास के लिए कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद द्वारा कुक्कुट पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा राष्ट्रीय कृषि विस्तार संस्थान (मैनेज) हैदराबाद एवं राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्था (समिति) रायपुर के वित्तीय सहयोग से कुक्कुट पालन एवं प्रबंधन पर 15 से 20 जुलाई तक 6 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र



कांपा महासमुंद के अधिष्ठाता डॉ. अनुराग, सहायक प्रध्यापक डॉ. संभूति शंकर साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. सतीश कुमार वर्मा एवं ग्राम पंचायत बिरकोनी के सरपंच ताम्रध्वज निषाद द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में 28 प्रशिक्षणार्थियों को कुक्कुट पालन एवं प्रबंधन से जुड़ी महत्वूर्ण जानकारी कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, सहायक प्रध्यापक, पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा दी गई। छः दिवसीय प्रशिक्षण में डॉ. सतीश वर्मा द्वारा कुक्कुट पालन की सामान्य जानकारी एवं उपयोगिता, डॉ. कमरजहां के द्वारा कुक्कुट प्रबंधन, मनोज द्वारा विभागीय योजनाओं, डॉ. संभूति शंकर साहू द्वारा कुक्कुट के किस्मों, बीमारियों तथा टीकाकरण, डॉ. रवीश केशरी द्वारा कुक्कुट पालन के लिए संरचना, डॉ निर्झनी नंदेहा द्वारा अजोला उत्पादन, डॉ. साकेत दुबे द्वारा बैकयार्ड पोल्ट्री के साथ पोषण बाड़ी इसके अलावा चूजों के रखरखाव, हैचरी यूनिट, बटेर पालन संबंधित जानकारी प्रशिक्षण सह संचालक कमलकांत लोधी द्वारा दी गई।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर के विभिन्न ईकाईयों का भ्रमण कराया गया एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।




# उत्कल गांड़ा समाज ने नुवाखाई पर्व मनाने बनाई रूपरेखा

**महासमुंद।** उत्कल गांड़ा समाज महासमुंद की बैठक शंकराचार्य भवन में हुई। बैठक में समाज के प्रत्येक उत्कल वार्ड से लोग प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान समाज को एकत्रित कर सही दिशा में ले जाने के लिए उत्कल गांड़ा समाज शहर इकाई के पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें उत्कल गांड़ा समाज शहर इकाई का अध्यक्ष समाज के वरिष्ठ नागरिक किनारी नायक एवं उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी को चुना गया।

इसी तरह सचिव दशरथ महानंद, सहसचिव विक्की महानंद, कोषाध्यक्ष सुनील नायक, मीडिया प्रभारी जगन्नाथ छुरा को सर्व सम्मति से चुना गया। सलाहकार समिति में पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिक्का, दीपक नायक, सुरेंद महानंद, पूर्व पार्षद बैजल भारती, सुदर्शन कुमार, परखीत हरपाल, बादल बघेल, बसंत महानंद, जुगराज महानंद, बच्चन कुमार, दुर्गा प्रसाद नेताम का भी सर्व सम्मति से चयन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के चयन उपरान्त उपस्थित समाज के बंधुओं द्वार फूल माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर समाज के अध्यक्ष किनारी नायक ने कहा कि उत्कल गांड़ा समाज के किसी भी परिवार में



यदि किसी सदस्य का निधन होता है तो समाज द्वार 5 हज़ार रुपए का आर्थिक सहयोग किया जाएगा। साथ ही समाज के किसी परिवार में कन्या विवाह होता है तो दो हज़ार एक सौ रुपए का सहयोग किए जाने की घोषणा की। जिसका सभी ने जोरदार ताली बजाकर स्वागत किया। इसी तारतम्य में समाज के आगामी उत्सव नुवा खाई पर्व मनाने के लिए भी रुप रेखा तय की गई। और नुवा खाई सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री को बतौर मुख्य अतिथि बनाए जाने का प्रस्ताव समाज के पदाधिकारियों द्वारा रखा गया। नुवा खाई सम्मेलन के पूरे कार्यक्रम का संयोजक पार्षद बबलू हरपाल एवं सह संयोजक सूरज नायक को अध्यक्ष किनारी नायक द्वारा बनाया गया। साथ ही 20 युवाओं की टीम गठित की गई, जो नुवा खाई सम्मेलन के संयोजक बबलू हरपाल के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद नेहरू नेताम, पार्षद राजेश नेताम, मनोज कुलदीप, चतुर्भुज कुमार, पार्थेबो बाघ, हेमसागर कुमार, रविंद्र महानंद, त्रिनाथ छुरा, विष्णु सोनवानी, विष्णु सिक्का, नित्या तांडी, दारासिंह छत्री, राजू कुलदीप, माया जाल, गौरा हरि तांडी, लखन विभार, धर्मेंद्र नायक, रॉकी सोनवानी, राजेंद्र नायक, सायवो नायक, बुडू नायक, सुलेमान दीप, घनश्याम बाघ, तुलसी कुमार, कन्हैया नायक, सोनू वकील, रिंकू नेताम, दशरत बघेल, बबलू नायक, कान्हा प्रधान, मुकुंद बाघ, प्रफुल्ल सोनवानी, अंशुल भारती, आशीष सिक्का, रिंकू महानंद, संदेश बघेल, चंद्रशेखर नेताम, हेमंत बाघ, भीम बघेल, संतोष बघेल, सुमित करवा, संतोष प्रधान, विजय प्रधान, अजय प्रधान, अरुण छत्री, राजेश टांडी जालंधर, गोपाल, प्रत्युम बघेल , धनेश तांडी, प्रीतम बाघ, विजय तांडी, विजय तांडी, हरदेव तांडी, शत्रुघ्न टांडी, सरजू कुलदीप, गज्जू कुलदीप, तुलसी कुलदीप, संजय तांडी, सुरेश बाघ, मुकुंद बाघ, सोनू छुरा, गणेश जगत, बनवासो प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।